| आयोजन | माटी कला के उत्पादों के साथ 10 दिवसीय महोत्सव शुरू, माटी कला योजना के लिए 48 हजार कारीगर परिवार चिह्नित किए गए

# लखनऊ के लोगों को लुभा रहीं शिल्पकारों की कलाकृतियां

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की ओर से माटी कला महोत्सव का आगाज खादी भवन में हुआ। 10 दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। विभिन्न जनपदों के शिल्पकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी महोत्सव में लगायी गई है। 50 स्टॉल लगाए गए हैं। लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां और विभिन्न माटीकला उत्पाद मुख्य आकर्षण हैं। मंत्री सचान ने जनता से अपील की कि माटीकला उत्पादों की खरीदारी करें।

मेले में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने पांच लाभार्थियों को विद्युत चालित चाक का वितरण भी किया। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत 48,000 कारीगर परिवार चिन्हित किए गए हैं।

## लोगों को योजना का लाभ

कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने बताया कि योजना के तहत 13,607 विद्युत चालित चाक वितरण किया गया। 2024-25 में 2,325 चाक और 375 पगमिल का लक्ष्य है। 880 लाभार्थियों को बैंक ऋण से औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की गई है।



खादी भवन में सोमवार से माटी कला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने चाक चलाकर मेले का उद्घाटन किया।

